पंजीकरण सं0 1001 दिनांक 14–06–1966 आर0बी0आई0लाइसेंस सं0 –ग्राआऋवि.एलके.23 (डीसीसीबी)/2012 दिनांक : जून 07, 2012

# पीलीभीत जिला सहकारी बैंक लि0, पीलीभीत

प्रधान कार्यालय : 369, निकट छतरी चौराहा, पीलीभीत–262001

Ph:05882-255535, Fax:05882-250479 E-Mail :dcbpbt@gmail.com

पत्रांक : 1393/लेखा/2024–25 दिनांक : 19/09/2024

## कार्यालय–ज्ञाप

बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 व 2024–25 हेतु बैंक का समवर्ती आडिट कराये जाने के लिए चार्टर्ड एकाउन्टेण्ट की आवश्यकता है जिसका विज्ञापन बैंक की वेबसाइट व दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराया जा रहा है तथा समवर्ती आडिटर के लिए आवश्यक अर्हताओं, नियम एवं शर्ते जिनका विवरण निम्नवत् है:–

1. आवेदित सनदी लेखाकर फर्म का पार्टनरशिप फर्म होना अनिवार्य होगा।
2. सम्बन्धित सनदी लेखाकार फर्म को बैक आडिट का कम सें कम 07 वर्ष का अनुभव हो।
3. सम्बन्धित सनदी लेखाकार फर्म कों पूर्व मे किसी जिला सहकारी बैक का आडिट किये जाने का अनुभव हो।
4. आवेदित फर्म Diploma in Information System Audit (DISA) qualified होना अनिवार्य होगा।
5. बैंक पर जिन फर्मो द्वारा विगत 3 वर्षो से लगातार आडिट कार्य किया जा रहा है उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
6. निर्धारित दरें पराक्रम्याधीन (Negotiable) होंगी।
7. चयनित सनदी लेखाकार फर्मो द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 व 2024–25 हेतु बैंक शाखाओं एवं मुख्यालय का समवर्ती आडिट कर तिमाही आधार पर आडिट रिपोर्ट प्रेषित की जायेगी।
8. अगली तिमाही का आडिट कार्य करते समय संबंधित फर्म द्वारा पिछली तिमाही की आडिट रिपोर्ट के परिपालन परिक्षण कर अपनी रिपार्ट में उसका उल्लेख किया जायेगा।
9. संबंधित फर्म द्वारा मुख्यालय का आडिट करते समय ट्रेजरी एवं इन्वेस्टमेण्ट का आडिट भी किया जायेगा।
10. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समवर्ती ऑडिट के सम्बन्ध में उल्लिखित मार्गदर्शी बिन्दुओं/निर्देशों के साथ–साथ समवर्ती ऑडिट में रेवन्यू ऑडिट, क्रेडिट पोर्टफोलियो ऑडिट, एन0पी0ए0 ऑडिट, इलेक्ट्रॉनिक डेटा, प्रोसेसिंग, खाता खोलते समय के0वाई0सी0 नॉर्म्स के अनुपालन ऑडिट, मनी लॉन्ड्रिग, निष्क्रिय खातों की जांच, देय ब्याज की गणना, सावधि प्री–मेच्योर भुगतान ऑडिट, ड्यू–डेट डायरी, कैश का सत्यापन आदि को सम्मिलित करते हुए उपरोक्त शाखाओं का ऑडिट पूर्ण करेंगे। ऑडिट होने के उपरान्त यदि कोई गम्भीर वित्तीय अनियमितता एवं त्रुटि प्रकाश में आती है तो उक्त के लिए आप पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।
11. समवर्ती आडिट के अन्तर्गत शतप्रतिशत वाउचरों का परीक्षण करना होगा।

कृपया उक्त का संज्ञान लेकर इच्छुक संबंधित फर्म/चार्टर्ड एकाउन्टेण्ट दिनांक 30.09.2024 की सायं 5.00 बजे तक बैंक मुख्यालय, जिला सहकारी बैंक लि0, पीलीभीत पर अपना आवेदन प्राप्त करा सकते हैं।

सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी
जिला सहकारी बैंक लि0,
पीलीभीत।